Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Setting up of Kendriya Vidyalayas in Ajmer Parliamentary Constituency, Rajasthan - laid

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): संसदीय क्षेत्र अजमेर के केकड़ी/मसूदा/दूदू विधानसभा क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एक भी केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं होने से क्षेत्रवासियों एवं छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय विद्यालय संगठन से समुचित एवं समग्र शिक्षा का स्थानीय स्तर पर लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जबकि उक्त तीनों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक में लगभग 02.50 लाख से 02.70 लाख की आबादी निवासरत है। और केकड़ी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र में भारतीय सेना के लगभग 7500-8000 पूर्व एवं वर्तमान सैनिक परिवार भी निवास करते हैं, लेकिन अजमेर संसदीय क्षेत्र में अजमेर शहर, किशनगढ़, नसीराबाद एवं ब्यावर में केन्द्रीय विद्यालय संचालित होने से केकड़ी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र के वाशिंदों, छात्र-छात्राओं एवं सैनिक परिवारजनों को उक्त स्थापित केन्द्रीय विद्यालय की 70 से 80 किमी की दूरी पर स्थित होने के कारण इनमें शिक्षा अध्ययन का समग्र एंव समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संदर्भ में मेरे द्वारा नवीन केन्द्रीय विद्यालय केकडी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र में खोलने हेतु पुरजोर मांग करने पर पत्राचार पश्चात राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर द्वारा भी निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्ताव तैयार कर उचित माध्यम से दिल्ली भिजवाये गये। अतः अजमेर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा केकड़ी/मसूदा/दूदू परिक्षेत्र में केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग की विभागीय कार्य योजनान्तर्गत चालू बजट वर्ष 2022-23 में उक्त नवीन केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना भी चैलेंज मेथड़ के तहत स्वीकृत करवाने की महती कृपा करें।